## पीरामल फाउंडेशन को किया सम्मानित



**बड़वानी।** नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के नामांकन एवं ट्रांजेक्शन की रियल टाईम मॉनिटरिंग के लिए जिले में समृद्धि परियोजना अंतर्गत कार्यरत संस्था पीरामल फाउंडेशन द्वारा अत्यंत सहज एवं त्वरित ऑनलाईन एप्लीकेशन का निर्माण किया गया है। जिसके माध्यम से शालाओं, संकुलों एवं विकासखंड के नामांकन एवं ट्रांजेक्शन डेटा को यथा समय ट्रैक किया जा सकेगा। इस ऑनलाईन एप्लीकेशन के माध्यम से सोमवार को 80 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं के नामांकन की एंट्री का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस एप्लीकेशन के निर्माण के लिए जिला परियोजना समन्वयक प्रमोद शर्मा ने सर्व शिक्षा अभियान के कार्यालय में पिरामल फाउंडेशन की टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## पेंशनर्स के अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



**बड़वानी।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। जिसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। वहीं खास मुद्दा माननीय मुख्यमंत्री से मुलाकात का रहा, जो उनका दौरा निरस्त होने की वजह से स्थगित करना पड़ा। उक्त जानकारी एसोसिएशन अध्यक्ष विजयकुमार जैन ने दी। बैठक के बाद दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें सभी सदस्यों ने शरद पूर्णिमा के पूर्व मीठा खिलाकर पर्व मनाया। संघ में नए सदस्य शामिल किए, जिनका शाल, माला एवं श्रीफल से सम्मान किया। नए सदस्य सुषमा बाजपेई, जगदीश चन्द्र भट्ट, मालसिंह बडोले, नंदकिशोर भारती हैं। बैठक में जीआर सूर्यवंशी, रामलाल वानखेड़े, मन्नालाल पगारे, डॉ केके वास्कले, मोहन पाटिल, बालचंद गोयल, तुलसीराम कौशल, कैलाश कुमरावत, दुर्गा सोनी, संतोष यादव, मीरा चौहान, गोपी यादव, संतोष सेन, गोपाल तिवारी मौजूद थे।

## जिला परिवहन अधिकारी ने की जांच




**बड़वानी।** जिला परिवहन अधिकारी द्वारा 6 अक्टूबर को स्कूल वाहनों की चैकिंग की गई। वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स, स्पीड डिवाईस, जीपीएस कैमरा, अग्निशमन यंत्र, पैनिक बटन एवं वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा तथा पीयूसी चेक किए गए। चैकिंग के दौरान 30 स्कूल चाहन चेक किए। अपूर्ण दस्तावेज पाए जाने वाले 3 स्कूल वाहनों के विरूद्ध चालान बनाकर 9000 रूपए का शमन शुल्क वसूला गया।

## सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत

**इंदौर.** गांधी नगर इलाके में देर रात के समय एक दर्दनाक बाइक हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि उनका 17 वर्षीय पोता घायल हुआ है. हादसा पितृ पर्वत क्षेत्र के पास हुआ. 17 वर्षीय यश राठौर अपनी दादी शांताबाई पति धनसिंह राठौर को बुढानिया स्थित उनके पुराने घर छोड़ने जा रहा था. रात करीब 11 बजे बाइक फिसल गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े. राहगीरों की मदद से उन्हें एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया. यश को उपचार के लिए भर्ती किया है. परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि यश अपने माता-पिता के साथ जय भवानी नगर में रहते हैं. बुढानिया में दादी-दादाजी का मकान निर्माणाधीन है. शनिवार को इलाके में भंडारे का आयोजन था, जिसमें दादी को यश के पिता लेकर आए थे. रात में यश को पिता ने बाइक देकर घर छोड़ने भेजा था. यश वर्तमान में 10वीं कक्षा का छात्र है. पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और संभावित कारणों की पड़ताल की जा रही है.

## ब्राउन शुगर तस्करी में फरार आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

**इंदौर.** क्राइम ब्रांच की सतत कार्रवाई के तहत अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर के प्रकरण में एक और फरार आरोपी को राजस्थान के निंबाहेड़ा से गिरफ्तार किया है. आरोपी अकरम खान पर पूर्व में राजस्थान में तीन अपराध दर्ज है. एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी को मुखबिर सूचना और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर ट्रेस किया. पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों पर बेचता था. क्राइम ब्रांच टीम पहले भी इस प्रकरण में 23 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है. अब आरोपी अकरम के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## इंदौर-कोटा एक्सप्रेस प्रभावित

**इंदौर.** पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में कोटा रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 2 पर निर्माण कार्य के चलते प्रस्तावित ब्लॉक के कारण एक ट्रेन प्रभावित होगी. रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि 8 अक्टूबर 2025 तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 22984 इंदौर-कोटा एक्सप्रेस को सोगरिया रेलवे स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा. इसके बाद सोगरिया से कोटा के बीच यह गाड़ी निरस्त रहेगी.

## आरएसएस के पथ संचलन में बरसाए फूल

**महू.** महू के शहरी क्षेत्रों में भी कई स्थानों पर आरएसएस के संचलन निकाले गए. पथ संचलन के मार्ग को भगवा ध्वज से सजाया गया था. यातायात व्यवस्था के लिए विशेष योजना बनाई गई थी ताकि आम जनता को कोई असुविधा न हो. स्वयंसेवकों के अनुशासन और प्रशासन के सहयोग से पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से संचालित किया गया. महू में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया. इसमें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए. संचलन की शुरुआत ड्रीमलैंड चौराहे पर स्थित गैरिसन मैदान से हुई। इससे पहले, आरएसएस पदाधिकारियों ने बौद्धिक दिया. इसके बाद संचलन शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरा. शहर भर में जगह-जगह मंच लगाकर लोगों ने पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया. सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयं सेवकों के कर्तव्य पथ संचलन के दौरान भारतीय जनता पार्टी डॉ अंबेडकर नगर महू द्वारा विधायक उषा जी ठाकुर व जिला अध्यक्ष श्रवण चावडा के मार्गदर्शन व महेश बागड़ी के नेतृत्व में मोती महल चौराहे पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत व अभिनंदन किया. महेश बागड़ी ने कहा कि संघ का यह सौ वर्ष का स्वर्णिम सफर राष्ट्र निर्माण, सेवा, त्याग और संस्कारों के उच्चतम आदर्शों का प्रतीक है. इस अवसर पर मुख्य रूप से सुनील तिवारी, वीरेंद्र आंजना, विजय श्रीवास, डॉ नरेंद्र शर्मा, सुधीर गोडाले, मन्नू पहलवान, बीके कौशल, राजू खनूजा, रणजीत स्वामी, श्याम अग्रवाल, संगीता चौरसिया, रानी यादव, सविता यादव, सरोज नीम. सिममि खान. माही खान, चंदा निम आदि उपस्थित थे.

## मेडिकैप्स स्कूल के खिलाडियों को गोल्ड कप व स्वर्ण पदक

**महू.** यूथ स्पोर्टस द्वारा आयोजित 10वीं आल इंडिया नेशनल चैंपियनशिप फुटबॉल प्रतियोगिता का 2 से 4 ऑक्टोबर इंदौर शहर में आयोजित किया गया. जिसमें पूरे भारत से मध्यप्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, चेन्नई, पंजाब, पुणे, उत्तराखंड, असम, महाराष्ट्र, मुंबई (कल्याण), नासिक, मध्यभारत, झारखंड, नागपुर, राजस्थान, केरल, हैदराबाद शहर की टीमों ने हिस्सा लिया और जिसमे मध्य प्रदेश की अंडर 09 की टीम से मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल के खिलाडियों द्वारा हिस्सा लिया गया. अंडर-09 की टीम ने क्वार्टर फाइनल नागपुर से 1-0 से, सेमी फाइनल मैच मे गुजरात विरुद् मध्य प्रदेश के मध्य खेला गया. जिसमें मैच 0-0 से बराबर रहा. मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट के मध्यम 2- 1 से विजय हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया.

# शहर का सेंधवा-खेतिया मार्ग बदहाल

### सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन ने तीसरी बार सीएम हैल्पलाईन पर दर्ज कराई शिकायत

**सेंधवा, (नवभारत)।** लोकनिर्माण विभाग ने खराब सड़कों की जानकारी देने के लिए लोकपथ मोबाईल एप तैयार किया है। जिसमें गड्डा दिखे तो आम नागरिक फोटो अपलोड करें 7 दिवस में सड़क की मरम्मत नहीं करने पर संबंधित इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई होगी, लेकिन 3 माह बाद भी सेंधवा-खेतिया अंतरप्रातीय मार्ग का मरम्मत कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है। स्पष्ट है शासन की घोषणा, महज औपचारिकता, साबित हो रही है।



सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीएल जैन ने सेंधवा-खेतिया मार्ग की बदहाली को लेकर तीसरी बार सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि सुरक्षित और सुगम सफर के लिए अच्छी सड़के आम नागरिक का संवैधानिक अधिकार है हर वाहन चालक सरकार को ट्रासंपोर्ट टेक्स देता है, इसलिए सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सड़कों की मरम्मत का ध्यान रखे। 57 किमी का यह मार्ग अंतरप्रातीय मार्ग है जो मप्र को महाराष्ट्र एवं गुजरात राज्य से जोड़ता है। यह मार्ग लगभग 3.4 माह से काफी बदहाल स्थिति में है। साथ ही सेंधवा की मौसम पुलिया तिराहा भी दुर्घटना संभावित हिस्सा है जहां जानलेवा गड्डे पडे हुवे है। जैन ने इस मामले को लेकर 28 जुलाई एवं 24 अगस्त को सड़क की बदहाली के फोटो सहित सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कार्यपालन यंत्री लोनिवि रारा ने आम जनता को हो रही असुविधा को दुर करने का प्रयास करने की बजाय सीएम हैल्पलाईन को भ्रामक जानकारी प्रेषित कर दी कि उक्त शिकायत की प्रकृति मांग श्रेणी की है जबकि वस्तु स्थिति यह है कि यह समस्या मांग श्रेणी की नहीं होकर आम जनता की समस्या का त्वरित निराकरण करने योग्य समस्या है। सीएम हेल्पलाईन के अधिकारी भी शिकायतों के प्रत्युत्तर का सुक्ष्म परीक्षण किये बगैर शिकायतों को अगर बंद कर देते है तो उसका औचित्य ही समाप्त हो जावेगा। जैन ने बताया कि लोकनिर्माण विभाग द्वारा बनाए गए मोबाईल एप उक्त मार्ग की शिकायत तकनीकी करणों से दर्ज नहीं हो पाई। इसलिए 2 बार सीएम हेल्पलाईन में सप्रमाण शिकायत की, लेकिन 3 माह बाद भी मरम्मत कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ। जैन ने जांच व मरम्मत कार्य तुरन्त प्रारंभ कराने की मांग की है।

**नहीं हुआ कार्य प्रारंभ**

- 3 माह बाद भी मरम्मत कार्य नहीं प्रारंभ हुआ।
- जांच एवं मरम्मत कार्य प्रारंभ कराने की मांग।

# पशुपालकों के घर पहुंच विधायक ने किया संपर्क

**पानसेमल, (नवभारत)।** क्षेत्र के पशुपालकों की आय को बढ़ाने तथा दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूर्ण करने के उद्देश्य से नगर में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत विधायक श्याम बर्डे ने पशु चिकित्सक एवं स्टॉफ के साथ पशुपालकों से संपर्क किया। डॉ इंदरसिंह दोहरे ने बताया कि जिले के ग्रामों में पशुपालकों के घर जाकर पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार के लाभ तथा पशु पोषण संबंधी जानकारी दी जा रही है। उनके पास उपलब्ध गोवंश की जानकारी लेकर ऑनलाईन एंट्री की जा रही है। विधायक बर्डे ने सीताराम बाबूलाल यादव व देवकी सीताराम यादव से दूध उत्पादन, खर्च और पशुओं की अन्य जानकारी लेकर अभियान के बारे बताया। साथ ही पशु विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी हरिओम मुकाती, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी रानू मंडलोई, कमलनयन इंगले, सचिन चौहान, संजू यादव व अन्य उपस्थित रहे।



## 4 मेधावी छात्रों ने हासिल की सफलता

**बड़वानी, (नवभारत)।** पीएमश्री शासकीय बाउमावि क्रं. 2 के 4 मेधावी छात्रों ने प्री-एग्रीकल्चर टेस्ट 2025 में सफलता अर्जित की। पृथ्वीराज योगेन्द्र सिंह चौहान व हिमांशु विनोद निंगवाल ने प्रथम एवं रूद्र राकेश निंगवाल व शांतिलाल नानसिंग भुगवाडे ने द्वितीय प्रयास में सफलता प्राप्त की। पृथ्वीराज चौहान को कृषि महाविद्यालय सीहोर व रूद्र निंगवाल को कृषि महाविद्यालय गंजबासोदा तथा हिमांशु निंगवाल व शांतिलाल भुगवाडे को कृषि महाविद्यालय टीकमगढ़ में प्रवेश मिला हैं। विद्यालय प्राचार्य करूणा बैस ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की लगन, समर्पण और दृढ़ संकल्प ने उन्हें यह उपलब्धि दिलाई हैं। हमें आप सभी पर गर्व हैं और कृषि विज्ञान के क्षेत्र में आपकी उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही कृषि विषय शिक्षक श्याम सुंदर कुशवाह, प्रभात सिंह चौहान, निशा शुक्ला, शैफाली कड़ेल के मार्गदर्शन, शिक्षा और प्रेरणादायक प्रयासों की सराहना की। शिक्षकों आराधना श्रीवास्तव, भारती पाटीदार, चन्द्रशेखर चटर्जी एवं श्री संतोष शिंदे ने भी बधाई देकर इसे

**एक नजर में** | स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम ने किया मेडिकल का निरीक्षण

# कोल्ड्रिफ और नेस्ट्रो-डीएस कफ सिरप प्रतिबंधित

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 07 अक्टूबर**

छिंदवाड़ा जिले में औषधि कोल्ड्रिफ कफ सिरप एवं नेस्ट्रो-डीएस कफ सिरप के उपयोग से बच्चों को गंभीर दुष्परिणाम होना पाया है। इसे दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा कोल्ड्रिफ कफ सिरप एवं नेस्ट्रो-डीएस कफ सिरप के साईड इफेक्ट के कारण उक्त सीरप को प्रतिबंधित किया गया है। सीएमएचओ डॉ सुरेखा जमरे ने जिले के मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण के लिए दो टीमों का गठन किया है, जो मेडिकल स्टोर का निरीक्षण कर उक्त दोनों औषधि की उपलब्धता के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।



पहली टीम में जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता एवं फार्मासिस्ट ग्रेड-2 मनीष पाटीदार तथा दूसरी टीम में प्रभारी जिला क्षय अधिकारी डॉ प्रमोद गुप्ता एवं फार्मासिस्ट ग्रेड-2 विनित रावत सम्मिलित है। गठित टीम द्वारा सोमवार को शहर के सेवा मेडिकल, लक्ष्मी मेडिकल, सांई मेडिकल एवं सम्पूर्ण मेडिकल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रतिबंधित उक्त दोनों दवाईयों नहीं पाई गई।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के औषधि निरीक्षक जितेन्द्र पाटीदार ने उक्त दवाओं का जिले में क्रय-विक्रय तत्काल प्रभाव से जिले में निषेध किया है। साथ ही समस्त औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि यदि उनके द्वारा उक्त दोनों दवाओं को क्रय-विक्रय किया जाता है, तो उसकी सूचना खाद्य एवं औषधि प्रशासन को अनिवार्य रूप से दी जाए। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

**किया निरीक्षण**

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित टीम ने शहर के विभिन्न मेडिकल का निरीक्षण किया।

# ऑनलाइन फ्रॉड के खिलाफ क्राइम ब्रांच को मिली बड़ी कामयाबी

**पीड़ितों को लौटाए 11 करोड़ से ज्यादा**

**200 फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट किए ब्लॉक**

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने में इंदौर क्राइम ब्रांच ने इस वर्ष बड़ी सफलता हासिल की है. इस वर्ष अब तक क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने ऑनलाइन ठगी के शिकार लोगों को अब तक 11 करोड़ 30 लाख 32 हजार 919 रुपए से अधिक की राशि वापस कराई है.**

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि जनवरी से सितंबर 2025 के बीच करीब 3,500 सायबर फ्रॉड शिकायतें




प्राप्त हुई. इनमें से अनेक मामलों में तुरंत कार्रवाई कर ठगी गई राशि आवेदकों को लौटाई गई. जहां फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन सेल ने कार्रवाई के दौरान हजारों फर्जी बैंक खातों को फ्रीज कराया वहीं 100 से अधिक हैक किए गए. फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट भी रिकवर कराए. जबकि 200 से अधिक फर्जी अकाउंट जो लोगों के नाम व फोटो से बनाए गए थे, ब्लॉक करवा दिए. दंडोतिया ने बताया कि ऑनलाइन फ्रॉड की अधिकांश शिकायतें इन्वेस्टमेंट और ट्रेडिंग ऐप्स, फर्जी टास्क या गेमिंग साइट्स से जुड़ी रही हैं. इसके अलावा बैंक अधिकारी बनकर केव्हायसी अपडेट, रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम या क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी के मामले भी बड़ी संख्या में सामने आए. वहीं कुछ मामलों में परिचित या रिश्तेदार बनकर भी ठगों ने लोगों को झांसे में लिया.

**जनवरी से सितम्बर तक हर माह की गई रिफंड राशि**

जनवरी में 70 .32 लाख, फरवरी में 81.95 लाख, मार्च में 60 .10 लाख, अप्रैल में 61.54 लाख, मई में 1.73 करोड़, जून में 1.86 करोड़, जुलाई में 1.78 करोड़, अगस्त में 1 .49 करोड़, सितंबर में 1.68 करोड़ की राशि वापस कराई गई.

क्राइम ब्रांच द्वारा सायबर जागरूकता अभियान के तहत अब तक लाखों लोगों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के तरीके बताए जा चुके हैं. पुलिस का कहना है कि बढ़ती तकनीकी ठगी से बचाव के लिए नागरिकों में सतर्कता ही सबसे बड़ा

# मां की फटकार से आहत बेटे ने फांसी लगाई

- दोस्तों संग शराब पीकर घर लौटा था शुभम
- सात माह पहले हुई थी शादी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. घर में मामूली डांट-फटकार ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं. शराब पीकर घर लौटे बेटे को मां ने फटकार लगाई तो वह बातों से आहत हो गया और फांसी लगाकर जान दे दी. मृतक की शादी को सात महीने ही हुए थे.**

घटना शुक्रवार रात की है. 28 वर्षीय शुभम पिता जमनाप्रसाद निवासी इंदौर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, उसे सबसे पहले पिता ने फंदे पर लटका देखा तो चीख निकल गई. सूचना



पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था. परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि शुभम स्कूल की वैन चलाता था, जबकि उसके पिता एक निजी कंपनी में ड्राइवर हैं. उसकी पत्नी एक दिन पहले ही मायके गई थी. बताया गया कि पत्नी के मायके जाने के बाद शुभम ने दोस्तों के साथ शराब पी और घर लौटा. इस पर मां ने उसे फटकार लगाई और बात करना बंद कर दिया. इसी बात से आहत होकर शुभम ने देर रात यह कदम उठा लिया.

# पतंगबाज़ी के दौरान चाइनीज़ मांझा बन रहा खतरा

- सिपाही ने दिखाई जिम्मेदारी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पतंग उड़ाना हमारी परंपरा और त्योहारों का अहम हिस्सा है, लेकिन चाइनीज़ मांझा यानि ग्लास कोटेड नायलॉन धागा इस खेल को खतरनाक बना रहा है. हाल ही में शहर के एक चौराहे पर यातायात सिपाही सुमंत सिंह ने गिरी हुई पतंग में चाइनीज़ मांझा देखकर उसे तुरंत इकट्ठा कर सुरक्षित स्थान पर रखा, ताकि किसी राहगीर या वाहन चालक को चोट न लगे.**

इसके बाद सिपाही ने सोशल मीडिया पर एक जागरूकता वीडियो भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने लोगों से चाइनीज़ मांझा का उपयोग न करने की अपील की. यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग सिपाही की इस पहल की सराहना कर रहे हैं. वहीं पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि चाइनीज़ मांझा न केवल पक्षियों के लिए खतरनाक है बल्कि राहगीरों और



दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी घातक हो सकता है. पिछले वर्षों में इस धागे के कारण गले, हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें और कई मौतें हुई हैं. ज्ञात हो कि प्रशासन द्वारा ऐसे धागों का कानूनी रूप से उपयोग प्रतिबंधित है, वहीं इसे बेचने या इस्तेमाल करने पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है. यातायात सिपाही सुमंत सिंह ने आमजन से आग्रह किया है कि त्योहारों और मकर संक्रांति के मौके पर पतंगबाज़ी का असली आनंद सुरक्षित और पारंपरिक धागों के साथ

**समस्या** | मामला वार्ड 85 के प्रजापति नगर के मुख्य मार्ग का, हो सकता है हादसा

# सड़क किनारे गड्ढे के पास नहीं है सुरक्षा के इंतजाम

**इंदौर. निगर निगम अपनी सुस्ती के चलते पहले तो विकास कार्य में विलंब करती है, जिससे लोगों को कई असुविधाओं का सामना करना पड़ता है और दूसरा यह कि जब निर्माण कार्य करती है तो उसमें घोर लापरवाही करती है जिससें कई अनहोनी होती है जिससे कई लोग अपनी जाने भी गवां चुके हैं. फिर भी नगर निगम अपनी आदतों में सुधार नहीं लाती.**

फूटी कोठी क्षेत्र में आने वाला वार्ड क्रमांक 85 में विकास कार्य के दौरान लापरवाही का ऐसा ही एक मामला सामने आया है. वार्ड के प्रजापति नगर का मुख्य मार्ग जिससे आसपास की छः-सात कॉलोनियां जुड़ती है. यह मार्ग पिछले कई वर्षों से जर्जर हालातों में पड़ा हुआ है. सैकड़ों छोटे-बड़े गड्ढों ने राहगिरों का चलना दुभर कर रखा था. नवभारत ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था. आज जब दस वर्ष बाद इस मार्ग का कार्य हो रहा है तो नगर निगम के अधिकारी कई तरह की



लापरवाही कर रहे हैं. सड़क कार्य के दौरान एक बड़ा गड्ढा किया गया है जिसमें बरसात का पानी भरा हुआ रहता है. नगर निगम के अधिकारियों ने इसे नज़रअंदाज़ किया है. न तो इस बड़े से गड्ढे से पानी निकाला गया है और न ही गड्ढे को मिट्टी डालकर बंद किया गया. इतना ही नहीं इसके आस-पास सुरक्षा के कोई इंतज़ाम नहीं किए गए. यह बड़ा सवाल है कि क्या नगर निगम प्रशासन कोई बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है.

**इनका कहना है...**



गड्ढा खोद कर छोड़ दिया. कोई सुनता ही नहीं है पार्षद को भी कहां लेकिन कुछ नही हुआ मैं खुद गढ्ढें में गिर चुका हूं गनिमत कोई अनहोनी नहीं हुई.
**- कुंवर लाल**



यह गड्ढा सावन के पहले से खोदा गया है. खुल्ला होने से खतरा है. रात के अंधेरे में यह दिखाई नहीं देता. स्कूल के बच्चे भी यहां से निकलते हैं. **- हरि सिंह**



सुरक्षा के लिए सभी गढ्ढों के आसपास कुछ लगा देना चाहिए. जल्दी इस सड़क का कार्य कर देना चाहिए ताकि आने-जाने वाले लोगों की परेशानी ख़त्म हो. **नानू राम**